# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,राजस्थान, अजमेर

# REET-2024




# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024



श्री मदन दिलावर

माननीय शिक्षा मन्त्री

राजस्थान



श्री महेश चन्द्र शर्मा

प्रशासक एवं मुख्य समन्वयक **(REET)**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## प्रस्तावना

राज्य सरकार द्वारा राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा के आयोजन हेतु राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को नोडल एजेन्सी नियुक्त किया गया है। राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा 2024 दो दिवस क्रमशः 27.02.2025 को लेवल–I प्रथम पारी (I[st] Shift) में एवं लेवल–II द्वितीय पारी (II Shift) में तथा 28.02.2025 को लेवल–II तृतीय पारी (III[rd] Shift) में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पूर्ण राज्य में आयोजित करवायी जाएगी। यह परीक्षा सम्पूर्ण शुचिता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ पूरे राज्य में आयोजित हो।

लक्ष्य तक पहुँचने के लिए राज्य सरकार ने जिला परीक्षा संचालन समिति का गठन किया है तथा इस समिति के द्वारा राजकीय अधिकारियों/कर्मचारियों का चयन कर केन्द्राधीक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक, केन्द्र पर्यवेक्षक, वीक्षक, फील्ड सुपरवाईजर, सुपरवाईजर कम आन्तरिक फ्लाइंग, पेपर कॉर्डिनेटर, फ्लाइंग कम ओ.एम.आर. कॉर्डिनेटर, जोनल अधिकारी, एरिया अधिकारी आदि की नियुक्तियां की जाएंगी।

परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हो तथा दायित्वों के निर्वहन के दौरान सभी नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों के संशय एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके, इस हेतु रीट कार्यालय द्वारा निर्देश जारी किये जा रहे हैं।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## दिनांक 27 फरवरी, 2025 (गुरूवार)

**प्रथम पारी (प्रातः10.00 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक)** लेवल – प्रथम (कक्षा 1 से 5) (Ist Shift)
**द्वितीय पारी (दोपहर 03.00 बजे से 05.30 बजे तक)** लेवल – द्वितीय (कक्षा 6 से 8) (IInd Shift)

## दिनांक 28 फरवरी 2025 (शुक्रवार)

**तृतीय पारी (प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक)** लेवल – द्वितीय (कक्षा 6 से 8) (IIIrd Shift)

परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घण्टा पूर्व तक ही परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रविष्ट होने की अनुमति दी जाएंगी।

**विशेष :– परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के उपरान्त इस बात की जांच के लिए कि ओ.एम.आर. आंसर शीट के समस्त प्रश्नों के लिए एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है, निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।**

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## प्रश्न पत्र पुस्तिकाएं एव ओ.एम.आर. शीट की सुरक्षा व्यवस्था

**(अ)** जिला मुख्यालय के परीक्षा केन्द्रों के प्रश्न पत्र पुस्तिका एवं ओ. एम. आर. शीट के बॉक्स जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नोडल अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) द्वारा प्राप्त कर दिनांकवार, पारीवार एवं केन्द्रवार जिला कोषागार के स्ट्रॉग रूम में रखे जाएंगे। इस सम्पूर्ण कार्य की वीडियोग्राफी पुलिस सुरक्षा में सटीक एवं निकटता से होगी। जिला परीक्षा संचालन समिति द्वारा दिनांक 27.02.2025 एवं 28.02.2025 को प्रश्न पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. शीट के बॉक्स का वितरण पेपर कॉर्डिनेटर्स को किया जाएंगा जो कि जिला परीक्षा संचालन समिति द्वारा निर्देशानुसार नियुक्त किये जाएंगे।

**(ब)** एक बार कोषागार में प्रश्न पत्र बॉक्स एवं ओ. एम. आर. सुरक्षित रूप से रख देने के बाद उस स्थान को दो अधिकारियों (नोडल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी) के द्वारा डबल लॉक लगाकर सील किया जाएगा जिसकी चाबी दोनों अधिकारियों के पास पृथक्–पृथक् रहेगी। जहां डबल लॉक की व्यवस्था नहीं हो वहां पर दो पृथक्–पृथक् ताले लगाकर दो पृथक्–पृथक् अधिकारियों (नोडल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी) द्वारा सील किया जाएगा तथा इनकी चाबी दोनों अधिकारियों के पास पृथक्–पृथक् रहेगी । इस स्थान (कोषागार) को प्रश्न पत्र वितरण के समय दोनों अधिकारियों की उपस्थिति में ही खोला जावें। प्रश्न पत्र वितरण के उपरान्त प्रत्येक पारी के बाद पुनः उक्त दोनों अधिकारियों के द्वारा दोनों ताले लगाकर सील किये जावें।

**(स) जिले में प्रश्न–पत्र एवं ओ.एम.आर. बॉक्स पहुँचने के बाद इनकी सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला परीक्षा संलाचन समिति की होगी।**

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## प्रश्न–पत्र वितरण समय सारणी (दिनांक 27.02.2025 एवं 28.02.2025)

| क्र.सं. | | प्रथम पारी | द्वितीय पारी |
|---|---|---|---|
| 1 | कोषागार खुलने का समय | प्रातः 06:00 बजे पश्चात | प्रातः 11:00 बजे पश्चात |
| 2 | प्रश्न–पत्र एवं ओ.एम.आर का वितरण | जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा तय की गई आयोजना अनुसार | |
| 3 | प्रश्न–पत्र/ओ.एम.आर. बॉक्स परीक्षा केन्द्रों पर पहुँच | प्रातः 09:00 बजे तक | अपरान्ह 02:00 बजे तक |
| 4 | प्रश्न–पत्र के बॉक्स केन्द्राधीक्षक द्वारा खोलना | प्रातः 09:30 बजे | अपरान्ह 02:30 बजे |
| 5 | प्रश्न–पत्र/ओ.एम.आर. परीक्षा कक्षों में पहुंचाना | प्रातः 09:40 बजे | अपरान्ह 02:40 बजे |
| 6 | प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओएमआर परीक्षार्थियों को वितरण, निर्देश पठन व ओएमआर पर प्रविष्टियां अंकन | प्रातः 09:50 बजे | अपरान्ह 02:50 बजे |
| 7 | परीक्षार्थियों द्वारा प्रश्न पत्र खोलना एवं प्रश्न पत्र पुस्तिका पर प्रविष्टि करना | प्रातः 09.55 बजे | अपरान्ह 02.55 बजे |
| 8 | परीक्षा कार्यारम्भ | प्रातः 10.00 बजे | अपरान्ह 03.00 बजे |
| 9 | परीक्षा समाप्ति | दोहपर 12.30 बजे | सायं 5.30 बजे |

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## केन्द्रो पर नियुक्तियां

- राजकीय परीक्षा केन्द्र का केन्द्राधीक्षक उस महाविद्यालय/विद्यालय का प्राचार्य/शाला प्रधान हो सकता है। अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक की नियुक्ति अन्य सरकारी विद्यालय से की जाएगी। यदि परीक्षा केन्द्र निजी शिक्षण संस्थान है तो केन्द्राधीक्षक/अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक/वीक्षक आदि समस्त स्टॉफ अन्य सरकारी विद्यालय से नियुक्त किया जाएगा। समस्त अधिकारी/कर्मचारी राजकीय कार्मिक होंगे।
- परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र पर्यवेक्षक/केन्द्राधीक्षक/अति केन्द्राधीक्षक/वीक्षक/अन्य कोई भी अधिकारी/कार्मिक जिनके निकटतम सम्बन्धी यथा स्वयं के पुत्र/पुत्री, भाई/बहिन, पति/पत्नी पुत्रवधु आदि राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024 की परीक्षा में प्रविष्ट हो रहे हैं, उन्हें उस परीक्षा केन्द्र पर नहीं लगाया जाएगा।
- प्रत्येक केन्द्र पर एक केन्द्राधीक्षक एवं एक अति. केन्द्राधीक्षक होगा। 500 तक पंजीकृत परीक्षार्थियों पर एक अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक तथा 500 से अधिक होने पर एक और अतिरिक्त सहित अधिकतम कुल दो अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक नियुक्त किये जा सकेगें ताकि प्रश्न–पत्र पुस्तिका–ओ.एम.आर. शीट्स के वितरण का कार्य यथासमय पूर्ण हो सके ।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

- ❖ प्रत्येक 04 परीक्षा कक्षों पर एक सुपरवाईजर कम आन्तरिक फ्लाइंग की नियुक्ति की जाएगी। सुपरवाईजर कम आन्तरिक फ्लाइंग द्वारा वीक्षकों तक परीक्षा सामग्री पहुँचाना, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा सामग्री एकत्र करना, वीक्षकों की सहायता करना तथा आन्तरिक फ्लाइंग के रूप में कार्य किये जाएंगे।
- ❖ फील्ड सुपरवाईजर :– प्रत्येक केन्द्र पर एक फील्ड सुपरवाईजर की नियुक्ति की जाएगी, जिसकी सहायतार्थ एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी नियुक्त किया जाएगा । फील्ड सुपरवाईजर के निम्नांकित कार्य होंगे :–

- ✓ परीक्षा केन्द्र पर आने वाले अधिकारियों/कार्मिकों को फोटो पहचान पत्र के आधार पर प्रवेश देना ।
- ✓ आगन्तुक रजिस्टर संधारित करना, परीक्षा कक्ष के अलावा अन्य स्थानों की जांच करना तथा परिसर में परीक्षा संबंधी अवैध गतिविधियों की रोकथाम करना।
- ✓ परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घण्टा पूर्व अर्थात् प्रथम पारी में प्रातः 09:00 बजे तथा द्वितीय पारी में अपरान्ह 02:00 बजे मुख्य द्वार बन्द करवाना ।

**<u>नोट</u> :–परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर ताला नहीं लगाया जाना है। यहां पर एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हर वक्त मुस्तैद रहे ।**

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

(ल) केन्द्राधीक्षक द्वारा अपने केन्द्र पर नियुक्त किये जाने वाले वीक्षकों की एक सूची तैयार की जाए। वीक्षकों की कमरों में ड्यूटी केन्द्राधीक्षक तथा केन्द्र पर्यवेक्षक की उपस्थिति में लॉटरी पद्धति से लगाई जाए। यह कार्य परीक्षा दिवस को ही, परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ही यथासमय पूर्ण कर लिया जाए ताकि परीक्षा प्रारम्भ होने में विलम्ब नहीं हो। इस कार्यवाही का लिखित विवरण कार्यालय रिकॉर्ड में सुरक्षित रखा जाए। सभी नियुक्तियों का विवरण प्रपत्र सं 05 में भिजवाएं ।

(व) सभी सूचनाएं निर्धारित प्रपत्रों में ही भिजवाएं। यदि संलग्न प्रपत्र कम हों तो आवश्यकतानुसार पूर्व में ही फोटो प्रति करा लेवें ।

****

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

**एरिया अधिकारी, जोनल अधिकारी, केन्द्रपर्यवेक्षक, पेपर कॉर्डिनेटर एवं फ्लाइंग कम ओ.एम.आर. कॉर्डिनेटर की नियुक्तियां :–**

**जिला परीक्षा संचालन समिति (जिला कलक्टर/नोडल अधिकारी) द्वारा निम्नानुसार उक्त नियुक्तियां की जानी है:–**

**अ. प्रत्येक 10 केन्द्रो पर एक एरिया अधिकारी**– अपने कार्याधीन केन्द्रों का दिनांक 26.02.2025 को निरीक्षण करेंगे। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शुचिता से सम्पन्न हो, यह सुनिश्चित करेंगे।

**ब. प्रत्येक 05 क्रेन्द्रो पर 01 जोनल अधिकारी–** अपने कार्याधीन केन्द्रों का दिनांक 26.02.2025 को निरीक्षण करेंगे। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शुचिता से सम्पन्न हो, यह सुनिश्चित करेंगे।

**स. प्रत्येक केन्द्र के लिए एक पेपर कॉर्डिनेटर –** इनके द्वारा कोषागार से प्रश्न पत्र बॉक्स प्राप्त कर सम्बन्धित केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक को सम्भलवाना है । समस्त सामग्री बंद सुरक्षित वाहन में ले जानी है। इनको एक सशस्त्र सुरक्षा गार्ड भी उपलब्ध करवाया जाएगा। पेपर कोर्डिनेटर प्रत्येक परीक्षा पारी के पश्चात् ओ.एम.आर. कोर्डिनेटर द्वारा ले जाई गई सामग्री के अतिरिक्त शेष सामग्री यथा अप्रयुक्त प्रश्न–पत्र एवं ओ.एम.आर., प्रयुक्त प्रश्न–पत्र के बॉक्स/थैले संग्रहण केन्द्र में जमा करवाएंगे। यह कार्यवाही इसलिए वांछनीय हैं क्योंकि किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा पश्चात् प्रश्न–पत्र ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थी सिर्फ ओ.एम.आर. की द्वितीय प्रति ही ले जा सकेगा ।

**द. प्रत्येक केन्द्र के लिए एक केन्द्र पर्यवेक्षक की नियुक्ति –** प्रत्येक केन्द्र हेतु नोडल अधिकारी द्वारा राजपत्रित अधिकारी को केन्द्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा । ये केन्द्र पर समस्त व्यवस्था का सूक्ष्म पर्यवेक्षण करेंगे।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

**य. <u>प्रत्येक तीन केन्द्रों के निरीक्षण हेतु एक फ्लाइंग कम ओ.एम.आर. कॉर्डिनेटर–</u>** ये राजपत्रित अधिकारी होगे। इनके द्वारा आवंटित तीन केन्द्रों का प्रत्येक पारी में कम से कम दो बार सघन निरीक्षण किया जाएगा तथा प्रत्येक पारी में परीक्षा समाप्ति के पश्चात् इन तीन केन्द्रों से प्रयुक्त ओ.एम.आर. (लिफाफा सं. B), उपस्थिति पत्रक (लिफाफा सं. D), विभिन्न प्रकार के प्रपत्र (लिफाफा सं. E), डुप्लीकेट प्रवेश पत्र एवं स्व प्रमाणित पहचान पत्र प्राप्त कर निर्धारित संग्रहण केन्द्र पर जमा करवाये जाने हैं। इनके साथ भी एक वीडियोग्राफर एवं एक सुरक्षा कर्मी उपलब्ध करवाये जाएंगे।

**नोटः– जिला परीक्षा संचालन समिति आवश्यकतानुसार जिला स्तरीय अधिकारियों के विशेष उडनदस्तों का गठन कर सकेगी।**

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## वीक्षकों की नियुक्ति एवं निर्देश :–

अन्य समस्त कार्मिकों की भाँति केन्द्रवार वीक्षकों की नियुक्ति रेण्डमाईजेशन से जिला परीक्षा संचालन समिति द्वारा की जाएगी।

**(अ)** प्रत्येक कक्ष में न्यूनतम 02 वीक्षक नियुक्त किये जाने आवश्यक हैं। अधिकतम 48 परीक्षार्थियों तक 02 वीक्षक ही नियुक्त रहेंगे। एक परीक्षा कक्ष में 48 परीक्षार्थियों से अधिक होने पर 24 के प्रत्येक गुणक पर एक अतिरिक्त वीक्षक नियुक्त किया जाए ।

**(ब)** केन्द्राधीक्षक परीक्षा से एक दिन पूर्व वीक्षकों के लिए एक बैठक आयोजित कर प्रश्न पत्र पुस्तिकाओं एवं ओ.एम.आर. शीट्स के वितरण, उनको एकत्रित करने तथा उन्हें परीक्षा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दिया जाना सुनिश्चित करें। इस बैठक में उपस्थिति एवं घोषणा पत्र के लिए प्रपत्र सं.–01 भरवाया जाए ।

**(स)** वीक्षकगण (Invigilators), आन्तरिक उड़नदस्ते व अन्य कार्मिक परीक्षा प्रारम्भ होने के समय से दो घण्टे पूर्व आवश्यक रूप से केन्द्राधीक्षक को अपनी उपस्थिति देंगे। समय का विशेष ध्यान रखा जाए।

**(द)** केन्द्राधीक्षक, अति. केन्द्राधीक्षक, केन्द्रपर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करें कि वीक्षकों या किसी भी अन्य कार्मिक के पास परीक्षा केन्द्र में मोबाईल या अन्य कोई इलेक्ट्रोनिक उपकरण नहीं होना चाहिए। केवल केन्द्राधीक्षक ही की–पेड वाला मोबाइल रख सकते हैं ।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

**(य)** यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा ओ. एम. आर. शीट खाली छोड़ी जाती है तो सम्बन्धित वीक्षक ओ.एम.आर. शीट पर इस तथ्य का स्पष्ट अंकन करेंगे।

**(र)** वीक्षकों को निर्देशित किया जावे कि वे परीक्षा कक्ष में परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व की जाने वाली घोषणाएं (प्रपत्र –17) अवश्य करें ।

**(ल)** वीक्षकों, फील्ड सुपरवाईजर को अलग से निर्देशों की प्रति REET-24/प्रपत्र– 17 उनके अध्ययन हेतु दी जाए। इस पर उनके हस्ताक्षर सहित परीक्षा उपरान्त प्राप्त कर केन्द्र पर सुरक्षित रखें।

**रीट परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश हेतु अधिकृत अधिकारियों/कार्मिकों हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र की व्यवस्थाः–**

परीक्षा केन्द्रों पर अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने के लिए REET 2024 हेतु परीक्षा कार्य से संबंधित समस्त राजकीय अधिकारी/कर्मचारियों तथा केन्द्र में प्रवेश करने वाले अन्य नियुक्त व्यक्तियों को फोटो पहचान पत्र जारी किया जाएगा। फोटो पहचान पत्र संबंधित जिले के नोडल अधिकारी (ADM) जारी करेंगे। इस कार्य को नोडल अधिकारी जिले के वरिष्ठ आर.ए.एस. अधिकारियों के सहयोग से सावधानीपूर्वक करेंगे।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

| क्र.सं. | फोटोयुक्त परिचय पत्र जारी करने वाले अधिकारी का पदनाम | अधिकारी/कार्मिक जिनके लिए फोटोयुक्त परिचय–पत्र जारी किया जाएगा |
| --- | --- | --- |
| 1 | समन्वयक **REET** . 2024 | 1. बोर्ड अधिकारियों के लिए<br>2. समन्वयक द्वारा नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए |
| 2 | जिला कलेक्टर द्वारा नामित नोडल अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) | 1. जिला परीक्षा संचालन समिति के अधिकारियों के लिए<br>2. एरिया अधिकारियों के लिए<br>3. जोनल अधिकारियो के लिए<br>4. फ्लाइंग कम ओ.एम.आर. कॉर्डिनेटर के लिए<br>5. जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए<br>6. जिला लेवल पर गठित फ्लाइंग के संयोजक/सदस्यों के लिए<br>7. केन्द्राधीक्षक एवं अतिरिक्त केन्द्राधीक्षकों के लिए<br>8. पेपर कॉर्डिनेटर<br>9. केन्द्र पर्यवेक्षक<br>10. कोषागार एवं संग्रहण केन्द्रों पर नियुक्त स्टॉफ के लिए<br>11. वीडियोग्राफर्स एवं वाहन चालकों के लिए<br>12. परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त सी.सी.टी.वी. प्रतिनिधि के लिए<br>13. सभी परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त समस्त स्टाफ के लिए<br>14. सुपरवाईजर कम आन्तरिक फ्लाइंग<br>15. फील्ड सुपरवाईजर<br>16. वीक्षक<br>17. मंत्रालयिक कर्मचारी<br>18. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |

**नोट :** 1. जिन अधिकारियों/कर्मचारियों के पहचान पत्र बनाये जाने हैं वे अपनी नवीनतम पासपोर्ट साईज की दो फोटो साथ में लावें।

2. उक्त परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण व परीक्षा कार्य हेतु अधिकृत अधिकारी/कार्मिक ही प्रवेश हेतु पात्र हैं। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा की गोपनीयता बनाये रखने की व्यवस्था के क्रम में किसी भी मीडिया प्रतिनिधि को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

3. परीक्षा के समय केन्द्र पर कोई भी अधिकारी/कार्मिक बिना फोटोयुक्त पहचान–पत्र के नहीं रहे, इसकी व्यक्तिशः जिम्मेदारी केन्द्राधीक्षक की होगी।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## बैठक व्यवस्था निम्न उदाहरण के अनुसार की जावे :–

### Example-I




| I ROW | | II ROW | | III ROW | | IV ROW | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 1 | C | 7 | A | 13 | C | 19 |
| B | 2 | D | 8 | B | 14 | D | 20 |
| C | 3 | A | 9 | C | 15 | A | 21 |
| D | 4 | B | 10 | D | 16 | B | 22 |
| A | 5 | C | 11 | A | 17 | C | 23 |
| B | 6 | D | 12 | B | 18 | D | 24 |

### Example-II




| I ROW | | II ROW | | III ROW | | IV ROW | | V ROW | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 1 | C | 11 | A | 21 | C | 31 | A | 41 |
| B | 2 | D | 12 | B | 22 | D | 32 | B | 42 |
| C | 3 | A | 13 | C | 23 | A | 33 | C | 43 |
| D | 4 | B | 14 | D | 24 | B | 34 | D | 44 |
| A | 5 | C | 15 | A | 25 | C | 35 | A | 45 |
| B | 6 | D | 16 | B | 26 | D | 36 | B | 46 |
| C | 7 | A | 17 | C | 27 | A | 37 | C | 47 |
| D | 8 | B | 18 | D | 28 | B | 38 | D | 48 |
| A | 9 | C | 19 | A | 29 | C | 39 | A | 49 |
| B | 10 | D | 20 | B | 30 | D | 40 | B | 50 |

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## नामांक सूची (Roll Lists) उपस्थिति पत्रक :–

**(अ)** प्रत्येक परीक्षार्थी को एक निश्चित सीट आवंटित की जाए और उसकी डैस्क/टेबल पर उसका नामांक (Roll No.) अंकित हो। प्रत्येक परीक्षार्थी की 20 वर्ग फीट स्थान के अनुसार बैठने की व्यवस्था की जाए। एक सामान्य कक्ष में 24 परीक्षार्थी बैठाये जावें।

**(ब)** प्रत्येक केन्द्र पर एक नामांक सूची (Roll List) भेजी गयी है। इस सूची को बैठक व्यवस्था के लिए उपयोग किया जाए।

**(स)** परीक्षार्थियों के उपस्थिति पत्रक पर परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी के हस्ताक्षर करवाकर तथा वीक्षक का प्रमाणन करवाकर परीक्षा समाप्ति पश्चात् अन्य सामग्री के साथ ओएमआर कॉर्डिनेटर को जमा करवाने हैं।

**(द)** परीक्षा कक्ष में ही पीने का स्वच्छ जल उपलब्ध कराएं। इस हेतु परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति न दें। परीक्षार्थी को पानी की बॉटल लाने की अनुमति नहीं होगी।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## परीक्षा भवन में परीक्षार्थियों का प्रवेश :–

**(अ)** वीक्षक परीक्षा भवन/कक्ष में प्रत्येक परीक्षार्थी का प्रवेश पत्र, फोटो तथा हस्ताक्षर मिलान कर यह सुनिश्चित करें कि सही व्यक्ति ही परीक्षा दे रहा है। साथ ही एक मान्य फोटोयुक्त पहचान–पत्र (यथा आधार कार्ड) से भी पहचान सुनिश्चित की जाए।

**(ब)** परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र दो प्रतियों में उपलब्ध करवाया गया है। परीक्षार्थी से प्रवेश पत्र की कार्यालय प्रति तथा उसके साथ लायी गयी मान्य फोटो पहचान पत्र (यथा आधार कार्ड) की स्वप्रमाणित प्रति प्राप्त करें तथा उन्हें क्रमवार जमा कर पिन–अप करके परीक्षा समाप्ति पश्चात् उसका एक पैकेट बना कर उस पर ''परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र'' लिख कर अन्य सामग्री के साथ संग्रहण केन्द्र को भेजें।

**(स)** परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घण्टा पूर्व तक ही परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रविष्ट होने की अनुमति दी जाएगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार प्रथम पारी मे प्रातः 09:00 बजे एवं द्वितीय पारी मे दोपहर 2.00 बजे बन्द कर दिया जाए। परीक्षा केन्द्र पर ताला नहीं लगाया जावे ।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## केन्द्र पर परीक्षा सामग्री की प्राप्ति :–

**(अ)** पेपर कॉर्डिनेटर से परीक्षा सामग्री प्राप्त होने पर केन्द्राधीक्षक सर्वप्रथम यह सुनिश्चित कर लें कि:–

प्रश्न पत्र पुस्तिकाएं एवं ओ.एम.आर. शीट्स सीलबंद बॉक्स में है। इसके अन्दर प्रत्येक पैकेट में 12 प्रश्न पत्र पुस्तिकाएं एवं 12 OMR शीट्स (1 OMR शीट में 1 मूल प्रति व 1 अभ्यर्थी प्रति ) होगी। सीलबंद बॉक्स पर दो ताले लगे हुए हैं। यह सुनिश्चित कर लें कि दोनों ताले बन्द हों।

संबन्धित बॉक्स पर अंकित परीक्षा केन्द्र की कोड संख्या, पारी एवं लेवल आपके केन्द्र की ही हो।

प्राप्त प्रश्न पत्र पुस्तिकाओं एवं ओ.एम.आर. शीट्स की कुल संख्या आपके केन्द्र को आवंटित परीक्षार्थियों की संख्या से कम न हो ।

प्रत्येक प्रश्न पत्र पॉली पैक में है तथा इस पॉली पैक को वीक्षक द्वारा नहीं खोला जाएगा। निर्धारित समय पर परीक्षार्थी द्वारा ही प्रश्न–पत्र के पॉली पैक को खोला जाएगा। वीक्षक द्वारा प्रश्न पत्रों का उसी पारी एवं उसी केन्द्र का होना सुनिश्चित किया जाएगा । प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर. की बॉक्स पर परीक्षा की दिनांक, पारी एवं लेवल अंकन अवश्य गहनता के साथ देख लेवें, क्योकि इस बार परीक्षा एक से अधिक दिनों में सम्पन्न होगी ।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

**(ब)** प्रश्न पत्र बॉक्स के सील बन्द होने तथा ताले लगे होने की निकटता से सटीक वीडियोग्राफी करवायी जावे एवं यह सुनिश्चित होने के बाद ही बॉक्स खोला जाए। प्रश्न–पत्र बॉक्स अथवा उसके अन्दर रखी गयी सामग्री की पैकिंग में कोई सारभूत कमी अथवा त्रुटि दृष्टिगोचर हो तो तत्काल इसकी सूचना अति. समन्वयक रीट को मोबाईल न. 9982830200 पर दी जाए। ऐसे पैकेट को उसी अवस्था में अन्य लिफाफे में सील कर एवं सम्बन्धित अधिकारियों के हस्ताक्षर करवाकर सुरक्षित अलमारी (Safe custody) में ताला लगाकर रख दिया जाए।

**(स)**केन्द्राधीक्षक द्वारा परीक्षा सामग्री प्राप्त करने की प्राप्ति रसीद प्रपत्र सं.–03 में मोहर सहित हस्ताक्षर कर अन्य प्रपत्रों के साथ लिफाफा सं. E में रखकर ओ. एम. आर. कॉर्डिनेटर को सम्भलवाएंगे।

## :: व्यवस्था एवं अनुशासन ::

**(अ)** परीक्षा केन्द्र पर ड्यूटी पर परीक्षा से संबन्धित व्यक्तियों के अलावा किसी भी व्यक्ति को परीक्षा भवन में प्रवेश नहीं दिया जाए ।

**(ब)** परीक्षा भवन में धूम्रपान/मादक पदार्थ/मादक द्रव्य, गुटखा आदि का सेवन करना/रखना पूर्णरूपेण वर्जित है।

**(स)** केन्द्राधीक्षक ही परीक्षा के दौरान व्यवस्था एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे।

**(द)** गृह विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा जारी परिपत्र क्रमांकः प.27(14) गृह–1/2008 दिनांक 04.12.2019 के अनुसार सिख धर्म के अभ्यर्थियों को कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी आदि धार्मिक प्रतीकों को धारण कर परीक्षा में शामिल होने हेतु अनुमति दी जाए किन्तु कृपाण छोटी साइज की एवं कवर्ड होनी चाहिए तथा परीक्षा टेबल पर रखने की अनुमति नहीं होगी।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## परीक्षार्थियों हेतु निर्देश :–

1. परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में अपने साथ प्रवेश–पत्र, नीला/काला बॉल पॉईन्ट पेन, कोई एक मान्य फोटोयुक्त मूल पहचान–पत्र मुख्यतः आधार कार्ड एवं इसके अनुपलब्ध होने पर अन्य राजकीय फोटोयुक्त पहचान–पत्र(यथा ड्राइविंग लाईसेंस, निर्वाचन पहचान–पत्र आदि) मय स्वप्रमाणित फोटो प्रति लाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री लाने की अनुमति नहीं होगी।

2. परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल, केलक्यूलेटर, ब्लूटुथ या अन्य कोई इलेक्ट्रानिक उपकरण, घड़ी आदि, किसी प्रकार का आभूषण, पर्स, हैण्डबैग, डायरी इत्यादि लाना निषेध है। परीक्षार्थी इस प्रकार की कोई सामग्री साथ लाता है तो उसे अपनी स्वयं की जिम्मेदारी पर परीक्षा केन्द्र के बाहर रखना होगा। परीक्षा केन्द्र पर इन वस्तुओं को रखने व सुरक्षा की कोई व्यवस्था एवं जिम्मेदारी नहीं होगी।

3. परीक्षार्थी का परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने के दो घण्टा पूर्व पहुँचना अपेक्षित है, ताकि पुलिस द्वारा फ्रिस्किंग आदि समय से की जा सके।

4. परीक्षार्थी को परीक्षा समय से एक घंटा पूर्व केन्द्र में प्रवेश करना अनिवार्य है। परीक्षार्थी को प्रातः पारी में प्रातः 09:00 बजे तथा अपराह्न पारी में अपराह्न 02:00 बजे के पश्चात् परीक्षा केन्द्र में प्रवेशाज्ञा नहीं दी जाएगी।

5. परीक्षार्थी को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा समाप्ति से पूर्व परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

6. परीक्षार्थी प्रवेश–पत्र की कार्यालय प्रति (OFFICE COPY) वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर, स्वप्रमाणित पहचान–पत्र की प्रति नत्थी कर वीक्षक को आवश्यक रूप से जमा कराएं।

7. परीक्षार्थी को प्रश्न–पत्र ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र वीक्षक को सौंपकर ही परीक्षा कक्ष से बाहर निकले। परीक्षार्थी ओ.एम.आर. की मूल प्रति वीक्षक को जमा कराकर केवल ओ.एम.आर. की अभ्यर्थी प्रति ही ले जा सकेंगे।

8. परीक्षार्थी को शर्ट/टी–शर्ट, कुर्ता, कुर्ती बिना जेब वाली गर्म जर्सी/स्वेटर जिसमे बड़े बटन नहीं लगे हो आदि एवं पैरों में पतले सोल की चप्पल/सेंडल पहनना अनुमत होगा। वेशभूषा में किसी भी प्रकार के मेटल से बने चैन,बटन आदि का उपयोग अनुमत नहीं होगा।

9. परीक्षार्थी को अनुचित साधन का उपयोग करते पाये जाने पर विधि के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

10. प्रश्न पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. आंसर शीट जॉच ले कि समस्त प्रश्नों के लिए एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिए ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

11. नियमानुसार आवश्यकता वाले विशेष योग्यजन को इस परीक्षा में 50 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा। श्रुतलेखक हेतु परीक्षार्थी को दो दिवस पूर्व केन्द्राधीक्षक से सम्पर्क करना होगा। विस्तृत निर्देश हेतु www.rajeduboard.rajasthan.in/REET-2024

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश हेतु, अधिकृत अधिकारियों/कार्मिकों के सम्बन्ध में :–

1. परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने से समाप्ति तक किसी भी अधिकारी अथवा कार्मिक परीक्षा केन्द्र से बाहर जाने एवं बाहर से किसी भी व्यक्ति को आने की अनुमति नहीं है। केवल पेपर कॉर्डिनेटर, OMR कॉर्डिनेटर वीडियोग्राफर, सुरक्षा गार्ड, उड़नदस्ते के सदस्यों तथा जिला स्तरीय अधिकृत अधिकारियों को निरीक्षण हेतु आने का अधिकार होगा। इसके साथ ही फील्ड सुपरवाईजर का यह भी दायित्व होगा कि कैम्पस में किसी भी स्थान/कमरों में परीक्षा से सबंधित कोई भी अनुचित गतिविधियां नहीं होने दें।

2. केन्द्राधीक्षक/केन्द्र पर्यवेक्षक/उड़नदस्ते के सदस्यों को फोटो पहचान–पत्र जारी किए जाएंगे। अधिकृत व्यक्तियों को केवल पहचान पत्र के आधार पर ही केन्द्र में प्रवेश होने दिया जाए तथा इस हेतु प्रारूप (प्रपत्र–16) में रिकार्ड रखा जाएगा।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

**परीक्षा सामग्री के बॉक्स का खोला जाना :–**

**(अ)** लेवल 1 व लेवल 2 की परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र पुस्तिकाओं के पैकेट रैपरयुक्त सील्ड लिफाफों में पैक किए गए हैं। लेवल–1 की पुस्तिकाओं के पैकेट के रैपर पर PL1-Shift-1 मुद्रित होगा। इसी प्रकार लेवल II की पुस्तिकाओं के पैकेट के रैपर पर क्रमशः RL2-Shift-2, RL2-Shift-3 मुद्रित होगा।

**(ब)** लिफाफे खोलने से पूर्व उस पर निर्धारित स्थान पर केन्द्राधीक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक और निर्धारित संख्या में वीक्षक के हस्ताक्षर करने के बाद ही प्रश्न पत्र के लिफाफे वीक्षक को सुपुर्द किए जाएं। यही प्रक्रिया प्रत्येक पारी में अपनायी जानी है। इस समस्त कार्यवाही की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से करायी जानी है। इसकी रिकॉर्डिंग रीट कार्यालय को भिजवायी जानी है। कुल प्राप्त होने वाली प्रश्न पत्र पुस्तिकाओं का इन्द्राज REET-2024/प्रपत्र–6A व 6B में किया जाकर इसमें सभी संबंधितों के हस्ताक्षर भी सुनिश्चित किये जाएं ।

**(स)** ओ.एम.आर. शीट के पैकेटों को भी पूर्ण सावधानी से खोला जाकर उनकी गणना कर यह सुनिश्चित किया जाए कि ये वांछित संख्या में पायी गयी हैं। इनका इन्द्राज प्रपत्र सं. 6A में किया जाए। यदि प्रश्न पत्र पुस्तिकाओं अथवा ओ.एम.आर. शीट की गणना में कोई कमी/अधिकता पायी जाती है तो इस हेतु अति. समन्वयक (गोपनीय), (मोबाइल नं. **9982830200**) राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024 को तत्काल सूचित करें।

**(द)** प्रश्न–पत्र बॉक्स खोलने व हस्ताक्षर बाद तुरन्त वीक्षकों को उनके कक्ष से संबंधित प्रश्न पत्र पुस्तिकाएँ तथा ओ.एम.आर. शीट के पैकेट परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर सौंपी जाए व इसकी प्राप्ति प्रपत्र संख्या 6B में ली जाए।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

| परीक्षा व्यवस्थाओं का समय :– | पारी-I | पारी –II |
|---|---|---|
| 1. परीक्षा केन्द्र खुलने का समय | 08.00 A.M. | 1.00 P.M. |
| 2. परीक्षार्थियों का परीक्षा कक्ष में प्रवेश (लम्बी घण्टी) | 09.00 A.M. | 2.00 P.M. |
| 3. प्रश्न पत्र एवं ओएमआर बॉक्स खोलना | 09-30 A.M | 2.30 P.M. |
| 4. ओ.एम.आर. शीट्स एवं प्रश्न पुस्तिकाओं का वितरण (एक घण्टी) | 09.50 A.M. | 2.50 P.M. |
| 5. परीक्षार्थियों द्वारा प्रश्न पुस्तिकाओं की सील खोलना (दो घण्टियाँ) | 09.55 A.M. | 2.55 P.M. |
| 6. परीक्षा कार्यारम्भ | 10.00 A.M. | 3.00 P.M. |
| 7. पॉच मिनट शेष रहने की चेतावनी घण्टी(परीक्षा कक्ष में सतर्कता) | 12.25 P.M. | 5.25 P.M. |
| 8. आखिरी लम्बी घण्टी (परीक्षा समाप्त) | 12.40 P.M. | 5.40 P.M. |
| | | |

| | ओ.एम.आर. शीट्स | पैंकिग व्यवस्था |
|---|---|---|
| 1. | केन्द्राधीक्षक द्वारा प्रयुक्त (परीक्षाथियों द्वारा काम में ली गई) ओ.एम.आर शीट्स के 200–200 के बण्डल तैयार करवाए जाएं। | ओ.एम.आर. शीट के 200–200 के बण्डल प्लास्टिक के सैल्फ ऐडहेसिव लिफाफे में जिस पर 'B' अंकित होगा, चिपकाकर पैक करें। लिफाफे पर केन्द्राधीक्षक व अति. केन्द्राधीक्षक के संयुक्त हस्ताक्षर हों। |
| 2. | अनुपस्थित परीक्षार्थियों की ओ.एम.आर. शीट्स एवं प्रश्न पत्र परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 मिनट बाद परीक्षार्थी की सीट से एकत्र करवा ली जाएं। | सैल्फ ऐडहेसिव लिफाफा, जिस पर C-1 अंकित होगा, में चिपकाकर पैक करें। लिफाफे पर वीक्षक के हस्ताक्षर हों तथा यह केन्द्राधीक्षक को तत्काल भेज दिया जाएगा। |

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

## परीक्षा केन्द्रों से प्राप्त होने वाली सामग्री का विवरण एवं पैंकिग व्यवस्था :–

| क्र.सं. | लिफाफा संख्या | रखी जाने वाली सामग्री का विवरण | विशेष विवरण | सील्ड अथवा अनसील्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **A** | परीक्षा कक्षो से कक्षवार प्रयुक्त (**Used**) **OMR** शीट | यह लिफाफा प्रत्येक कक्ष से वीक्षक द्वारा **OMR** शीट नामांक वार संकलित कर केन्द्राधीक्षक को संभलवायी जाएगी। लिफाफे पर वीक्षक के हस्ताक्षर होंगे। | अनसील्ड |
| 2. | **B** | परीक्षा कक्षो से प्राप्त सभी प्रयुक्त (**Used**) **OMR** शीट के पैकेट बनाकर सील कर संग्रहण केन्द्र पर भिजवाये जाएंगे। (एक लिफाफे में) लगभग 200 **OMR** शीट्स रखी जाएंगी अतः केन्द्र पर छात्र संख्या अनुरूप लिफाफे प्रयुक्त होंगे। | केन्द्राधीक्षक एवं अति. केन्द्राधीक्षक द्वारा केन्द्र पर प्रविष्ट सभी परीक्षार्थियों की OMR शीट्स नामांकवार जमा कर, लिफाफे में रख कर केन्द्र पर्यवेक्षक के समक्ष सील की जाएंगी। लिफाफे पर केन्द्राधीक्षक एवं अति. केन्द्राधीक्षक दोनो के हस्ताक्षर होंगे। यह लिफाफा केन्द्राधीक्षक द्वारा लिफाफा क व प्रपत्र 10 के साथ प्लास्टिक के बैग (जो प्रश्न पत्र पेटिका में उपलब्ध करवाया गया है) में रखकर सूतली से सिलाई करवाकर फ्लाइंग कम OMR कॉर्डिनेटर को संग्रहण केन्द्र पर जमा करवाने हेतु प्रत्येक पारी की समाप्ति पश्चात् संभलवाया जाएगा। | सील्ड |
| 3. | **C 1** | कक्षवार अप्रयुक्त (**Unused**) प्रश्न पत्र पुस्तिका एवं अप्रयुक्त (**Unused**) **OMR** शीट के लिए। | परीक्षा कक्ष से परीक्षा आरम्भ के 10 मिनट बाद अप्रयुक्त प्रश्न पत्र एवं अप्रयुक्त **OMR** शीट को C1 लिफाफे में रखकर वीक्षक द्वारा वीक्षक द्वारा हस्ताक्षर कर सील पश्चात केन्द्राधीक्षक को संभलवाया जाएगा। केन्द्र के समस्त C1 के लिफाफे प्रश्न पत्र के रिक्त बॉक्स में रखे जाएंगे। | सील्ड |

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

| क्र.सं. | लिफाफा संख्या | रखी जाने वाली सामग्री का विवरण | विशेष विवरण | सील्ड अथवा अनसील्ड |
|---|---|---|---|---|
| 4. | C 2 | कक्षवार प्रयुक्त (Used) प्रश्न पत्र पुस्तिकाओं के लिए। | परीक्षा कक्ष से परीक्षा समाप्ति पश्चात् वीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों से प्रयुक्त प्रश्न पत्र पुस्तिकाएं संकलित कर इस लिफाफे में रखकर वीक्षक के हस्ताक्षर बाद सील केन्द्राधीक्षक को संभलवाया जाएगा। | सील्ड |

नोट :–केंद्राधीक्षक द्वारा प्रत्येक पारी के पश्चात् प्रश्न पत्र बॉक्स में C 1 व C 2 के लिफाफे रखने के बाद उसे ताला लगाकर बंद कर पेपर कॉर्डिनेटर को संभलवाया जावे। अर्थात दिनांक 27.02.2025 को द्वितीय पारी के प्रश्न पत्र लेकर आने के बाद प्रथम पारी के C 1 व C 2 के लिफाफे तथा दिनांक 27.02.2025 को द्वितीय पारी पश्चात् एवं 28.02.2025 को तृतीय पारी के पश्चात् C 1 व C 2 के लिफाफे पेपर कॉर्डिनेटर को संभलवाया जाए। पेपर कॉर्डिनेटर द्वारा यह बॉक्स संग्रहण केन्द्र पर जमा करवाया जाएगा।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. | D | परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित परीक्षार्थियों की दैनिक उपस्थिति पत्रक (Attendence Sheets), अनुपस्थित परीक्षार्थियों की उपलब्ध कराई गई एबसेन्टी ओएमआर शीट (Absentee OMR)। | परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित परीक्षार्थियों की दैनिक उपस्थिति पत्रक (Attendence Sheets), उपलब्ध कराई गई एबसेन्टी OMR शीट (Absentee OMR) केन्द्राधीक्षक व अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक की उपस्थिति में एवं उनके हस्ताक्षरों से सील किया जाएगा। यह लिफाफा केन्द्राधीक्षक द्वारा लिफाफा B व प्रपत्र 10 के साथ प्लास्टिक के बैग (जो प्रश्न पत्र पेटिका में उपलब्ध करवाया गया है) में रखकर सूतली से सिलाई करवाकर फ्लाइंग कम OMR कॉर्डिनेटर को दिया जाएगा। | सील्ड |

**नोट:–** केंद्राधीक्षक द्वारा प्रत्येक पारी की परीक्षा समाप्ति के पश्चात् लिफाफा संख्या B,D (Sealed) व प्रपत्र 10 केन्द्र पर प्रश्न पत्र बॉक्स में भिजवाए गये प्लास्टिक के बैग में रखकर ओ.एम.आर. कॉर्डिनेटर को संग्रहण केन्द्र पर जमा करवाने हेतु संभलवाया जाएगा **जो जिला परीक्षा संचालन समिति द्वारा प्रतिदिन पूर्ण सुरक्षा के साथ रीट कार्यालय मे पहुॅचाये जाएंगे ।**

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

| क्र.सं. | लिफाफा संख्या | रखी जाने वाली सामग्री का विवरण | विशेष विवरण | सील्ड अथवा अनसील्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **E** | रीट कार्यालय से भेजे गये विभिन्न प्रकार के प्रपत्र (प्रपत्र संख्या1,2,3,6A,6B,7, 8,9,11,12,16,17,21,23, 24 व 27) | कार्यालय से भेजे विभिन्न उल्लेखित प्रपत्र शिफ्ट/पारी वार सावधानी पूर्वक भरकर, प्रपत्र मे निर्धारित स्थान पर संबंधितों से हस्ताक्षर करवाकर इस लिफाफे को परीक्षा सामग्री के साथ उपलब्ध करवाये गये प्लास्टिक के बैग में रखकर सूतली से सिलाई करवाकर केन्द्राधीक्षक एवं फ्लाइंग कम **OMR** कॉर्डिनेटर द्वारा उस केन्द्र की अन्तिम पारी की परीक्षा समाप्ति के पश्चात् (दिनांक 27.02.2025/28.02.2025)को संग्रहण केन्द्र पर जमा करवाएंगे। | सील (गोंद अथवा टेप से) |
| 2. | **F** | रीट कार्यालय से भेजे गये लेखा शाखा के विभिन्न प्रकार के प्रपत्र (प्रपत्र संख्या 4, 5, 13, 14, 15, 25 व 26) | कार्यालय से भेजे विभिन्न प्रपत्र में लेखा शाखा से संबंधित उल्लेखित प्रपत्र सावधानी पूर्वक भरकर निर्धारित स्थान पर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाकर केन्द्राधीक्षक द्वारा उस केन्द्र की सभी परीक्षाएं समाप्त होने के बाद परीक्षा सामग्री के साथ उपलब्ध करवाये गये प्लास्टिक के बैग में रखकर सूतली से सिलाई करवाकर केन्द्राधीक्षक एवं फ्लाइंग कम **OMR** कॉर्डिनेटर संग्रहण केन्द्र पर जमा करवाएंगें। (प्रेषण दिवस 28.02.2025 तृतीय पारी पश्चात्) | सील (गोंद अथवा टेप से) |
| 3. | **G** | तीनों पारियों की परीक्षा समाप्ति उपरान्त प्रश्न पत्र बॉक्स में निर्धारित सामग्री रखकर बॉक्स को ताला लगाकर ताले की चाबियॉ रखने हेतु। | तीनों पारियों की परीक्षाएं समाप्त होने के उपरान्त प्रश्न पत्र के सभी बॉक्स की सभी चाबियॉ लिफाफे में रखकर सील करके प्लास्टिक के बैग में रखकर सूतली से सिलाई करवाकर पेपर कॉर्डिनेटर को तृतीय पारी के बाद संग्रहण केंद्र पर जमा कराने हेतु संभलवाएंगे। (प्रेषण दिवस 28.02.2025 तृतीय पारी पश्चात्) | लिफाफा |

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

| क्र.सं. | लिफाफा संख्या | रखी जाने वाली सामग्री का विवरण | विशेष विवरण | सील्ड अथवा अनसील्ड |
|---|---|---|---|---|
| 4. | | परीक्षा समाप्ति पश्चात् परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये प्रवेश पत्र व आई.डी प्रूफ पारी वार भिजवाने हेतु। | अ. समस्त परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये प्रवेश पत्र व आई.डी प्रूफ किसी कपड़े अथवा किसी लिफाफे में सूतली से बांधकर प्रपत्र 22 चिपकाकर पारी वार प्लास्टिक बैग में रखकर फ्लाइंग कम **OMR** कॉर्डिनेटर को प्रत्येक पारी के बाद संभलवाएंगे।<br>ब. लफाफा संख्या **E, F** व **G** अंतिम परीक्षा पारी पश्चात् प्लास्टिक बैग में रखे जाएंगे।<br>इस बैग पर केन्द्र संख्या व पारी संख्या मार्कर पेन से अंकन कर केन्द्राधीक्षक एवं **OMR** कॉर्डिनेटर संग्रहण केन्द्र पर जमा करवाएंगें तथा दिनांक 28.02.2025 को तृतीय पारी पश्चात् संग्रहण केन्द्र से रीट कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा। | प्लास्टिक बैग (कट्टा) |

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

| क्र.सं. | अधिकारीगण / कार्मिकगण | प्रमुख दायित्व |
|---|---|---|
| 1. | जिला परीक्षा संचालन समिति तथा नोडल अधिकारी के दायित्व | • जिले में परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार समुचित परीक्षा केन्द्र उपलब्ध करवाते हुए REET परीक्षा सुचारू रूप से संचालित करवाना।<br>• समस्त प्रकार के उपापन करना।<br>• समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों की नियुक्ति कर फोटो पहचान पत्र जारी करना।<br>• परीक्षा पूर्व समस्त व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करना।<br>• प्रश्न–पत्रों तथा ओ.एम.आर. बॉक्स की सुरक्षा सुनिश्चित करना।<br>• परीक्षा उपरान्त ओ.एम.आर. शीट्स द्वितीय एवं तृतीय पारी के बाद सुरक्षित रीट कार्यालय भिजवाने की व्यवस्था करना।<br>• कोषागार एवं संग्रहण केन्द्र के प्रभारी वरिष्ठ आर.ए.एस. अधिकारी की नियुक्ति करना।<br>• प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र पर्यवेक्षक की नियुक्ति करना।<br>• प्रत्येक 5 परीक्षा केन्द्रों पर एक जोनल अधिकारी की नियुक्ति करना तथा प्रत्येक 10 परीक्षा केन्द्रों पर एक एरिया अधिकारी की नियुक्ति करना।<br>• परीक्षा केन्द्रों का गहन निरीक्षण जोनल / एरिया अधिकारी एवं सह–सम्बद्ध पुलिस अधिकारियों द्वारा यथेष्ठ समय पूर्व ही कर लिया जाए।<br>• प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के दिन 2–2 पुरूष एवं महिला पुलिस बल एवं 2–2 होमगार्डस् की नियुक्ति करवाना।<br>• स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक निर्णय लेकर परीक्षा सम्बन्धित व्यवस्थाएं करना। कोषागार पर सशस्त्र सुरक्षा बल की "Round the clock" नियुक्ति करना तथा स्ट्रांग रूम से परीक्षा केन्द्रों तक पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रश्न–पत्र पुस्तिका / ओ.एम.आर. शीट्स के बॉक्स का वितरण करवाना।<br>• कोषागार के वितरण केन्द्र / स्ट्रॉग रूम को परीक्षा दिवस पर जिला परीक्षा संचालन समिति के निर्णयानुसार उचित समय पर खुलवाया जाना सुनिश्चित करना। |

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

| क्र.सं. | अधिकारीगण / कार्मिकगण | प्रमुख दायित्व |
|---|---|---|
| | | • कोषागार को ही प्रश्न पत्र रखे जाने हेतु स्ट्रांग रूम बनाये जाने का निर्णय लिया गया है। उन जिलों में जहां स्ट्रांग रूम बनाने हेतु ट्रेजरी में स्थान का अभाव है, उनमें जिला परीक्षा संचालन समिति द्वारा सुरक्षित व उपयुक्त राजकीय भवन को ट्रेजरी घोषित करवाकर स्ट्रांग रूम बनाया जावे। राजकीय भवन को कोषागार घोषित करवाते हुए आवश्यक व्यवस्था करें।<br>• दिनांक 27.02.2025 तथा 28.02.2025 को प्रश्न–पत्र वितरण के समय निर्बाध व नजदीकी से वीडियोग्राफी करवाना।<br>• दिनांक 26.02.2025 को प्रातः 06.00 बजे से 28.02.2025 को जिले से परीक्षा सामग्री अजमेर कार्यालय के लिए रवाना होने तक कण्ट्रोल रूम स्थापित करना।<br>• सभी परीक्षा केन्द्रों पर समस्त स्टॉफ (अधिकारी / कर्मचारी) राजकीय सेवारत कार्मिक ही नियुक्त होंगे व रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया से परीक्षा केन्द्रों पर तैनात किये जाएं।<br>• सभी परीक्षा केन्द्रों / कोषागार / संग्रहण केन्द्रों पर सी.सी.टी.वी. कैमरा परीक्षा से एक दिवस पूर्व लगवाया जाना सुनिश्चित करें। सी.सी.टी.वी. के लाईव प्रसारण का लिंक पुलिस अभय कमाण्ड केन्द्र पर सी.सी.टी.वी. प्रदाता द्वारा प्रदान किया जाएगा।<br>• प्रश्न पत्र व परीक्षा सामग्री लाने ले जाने वाले वाहनों पर जी.पी.एस. लगवाने की व्यवस्था की जाएगी।<br>• परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस कर्मी नियुक्त किये जाएंगे। इनके द्वारा प्रत्येक केन्द्र में प्रविष्ट होने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गहन फ्रिस्किंग की जाएगी। मोबाईल, इलेक्ट्रोनिक डिवाइस, ब्लूटूथ, स्मार्टवॉच आदि ले जाने की अनुमति नहीं होगी, इसकी सुनिश्चितता पुलिस द्वारा की जाएगी।<br>• परीक्षा प्रश्न पत्रों के संग्रहण, परिवहन, वितरण आदि सभी महत्वपूर्ण चरणों की वीडियोग्राफी करवायी जाए। वीडियोग्राफर एवं सीसीटीवी तकनीशियन वाहन चालकों का पुलिस वैरिफिकेशन करवाया जाए।<br>• जिला कोषागार में प्रश्न–पत्र पुस्तिकाओं एवं ओ.एम.आर. शीट्स के बॉक्स प्राप्त होने पर दिनांकवार एवं लेवलवार एवं पारीवार जमाने की व्यवस्था की जाए ताकि परीक्षा दिवस को इनकी वितरण व्यवस्था समय पर एवं सुव्यवस्थित तरीके से हो सके। |

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

| क्र.सं. | अधिकारीगण / कार्मिकगण | प्रमुख दायित्व |
|---|---|---|
| 2. | जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मुख्यालय | • जिला परीक्षा संचालन समिति की समय–समय पर मीटिंग आयोजित करवाना तथा निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करना।<br>• परीक्षा संचालन समिति के निर्देशानुसार जिले में सभी परीक्षा केन्द्रों पर वीक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित करना।<br>• परीक्षा केन्द्र पर राजकीय शैक्षणिक संस्था के समस्त राजकीय स्टॉफ की नियुक्ति सुनिश्चित करवाना।<br>• जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मुख्यालय के कार्यालय पर कण्ट्रोल–रूम की स्थापना करवाना। दिनांक 25.02.2025 की प्रातः 06.00 बजे से 28.02.2025 को जिले से परीक्षा सामग्री अजमेर रीट कार्यालय के लिए रवाना होने तक कण्ट्रोल रूम स्थापित करना। |
| 3. | केन्द्राधीक्षक व अति. केन्द्राधीक्षक | • परीक्षा केन्द्र पर प्रश्न पत्र पुस्तिकाओं एवं ओ.एम.आर. शीट्स के बॉक्स प्राप्त होने पर केन्द्राधीक्षक बॉक्स पर अंकित केन्द्र का नाम, परीक्षा तिथि एवं परीक्षा पारी (Shift) से मिलान कर सुनिश्चित होवें कि प्राप्त बॉक्स उसके केन्द्र एवं परीक्षा पारी अनुसार है। केन्द्राधीक्षक, केन्द्र पर्यवेक्षक एवं अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि प्राप्त बॉक्स पर लगे दोनों ताले पूर्णतया बन्द एवं बॉक्स सील्ड है। इसके पश्चात् उक्त बॉक्स को केन्द्राधीक्षक अपने कक्ष में सुरक्षित स्थान पर रखवाएंगे तथा इसका प्रमाण प्रपत्र संख्या 3 में भरकर रीट कार्यालय को अन्य प्रपत्रों के साथ भिजवाएंगे। इस समस्त कार्य की वीडियोग्राफी पेपर कॉर्डिनेटर के माध्यम से करवायी जाएगी।<br>• प्रश्न पत्र / ओ.एम.आर. बॉक्स परीक्षा प्रारंभ के 30 मिनट पूर्व केन्द्र पर्यवेक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक, पेपर कॉर्डिनेटर एवं वीक्षकों की उपस्थिति में खोला जाएगा, जिसका प्रमाणीकरण प्रपत्र 6A व 6B में लिया जाये तथा इसे रीट कार्यालय को भेजे जाने वाले प्रपत्रों के साथ भिजवाया जाए।<br>• केन्द्राधीक्षक एवं अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक बॉक्स में से प्रश्न पत्र पुस्तिकाएं एवं ओ.एम.आर. शीट के पैकेट सील्ड ही वीक्षकों को पहुचाएंगे। प्रत्येक प्रश्न पत्र पैकेट में 12 प्रश्न पत्र पुस्तिकाएं एवं ओ.एम.आर. शीट के पैकेट में 12 OMR शीट्स (1 OMR शीट में 1 मूल प्रति व 1 अभ्यर्थी प्रति ) होगी। अतः कक्ष में बैठक व्यवस्था अनुसार प्रत्येक नामांक पर क्रमवार प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर. वितरित की जाए। |

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024

| क्र.सं. | अधिकारीगण / कार्मिकगण | प्रमुख दायित्व |
|---|---|---|
